<u>संदेश</u>

होली के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं।

रंगों का उत्सव होली, शरद ऋतु के समापन का और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देता है। यह उत्सव, सभी के जीवन में आशा का संचार करने वाला होता है और इसीलिए हमारी सांस्कृतिक परंपरा में होली का विशेष स्थान है। हर आयु और हर वर्ग के लोग इस त्योहार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। विविध रंगों से ओत-प्रोत होली का यह पर्व, हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिम्ब है।

मेरी कामना है कि इस पर्व के माध्यम से अपनी अमूल्य विरासत और जीवन-मूल्यों में देशवासियों का विश्वास बढ़े तथा यह त्योहार सभी लोगों में परस्पर सद्भाव व मैत्री को और मजबूत बनाए।

*****